दिनांक 08.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में निगम क्षेत्रान्तर्गत मौसमी एवं जलजनित बिमारियों की रोकथाम एवं बचाव के लिए निगम का स्वास्थ्य विभाग एवं शहरी परिवार कल्याण विभाग सुपेला द्वारा गठित संयुक्त टीम द्वारा प्रतिमाह विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर को निरंतर जारी रखने का निर्णय लिया है। 01 नवम्बर 2017 से 30 मार्च 2018 तक कुल 5 माह के शिविर में आये कुल 1731 मरीजों का परीक्षण कर (जिसमें दस्त–11, बुखार–24) रोग निरोधक दवाईयां दी गई। दस्त से प्रभावित मरीजों को 43 ओ. आर.एस. पैकेट का वितरण किया गया। बुखार से प्रभावित मरीजों का खुन जांच हेतु रक्त पट्टिका तैयार कर लैब भेजा गया। शिविर संचालन के साथ शिविर स्थल के आसपास एवं मोहल्ले में स्थित नालियों एवं गन्दे स्थानों पर मच्छर उन्मूलन हेतु हैण्डसेट फॉगींग मशीन द्वारा 15600 एमएल मैलाथियान के धुएं का छिड़काव करवाया गया।

अप्रैल माह में 17 नियत स्थानों पर संचालित शिविर में आये 321 मरीजों का पंजीयन कर रोग निरोधक दवाईयां दी गई। शिविर में मरीजों को 22 ओ.आर.एस. पैकेट वितरित किया गया। मच्छर उन्मूलन हेतु हैण्डसेट फागींग मशीन द्वारा 4800 एमएल मैलाथियान के धुएं का छिड़काव एवं स्प्रेयर पम्प द्वारा 10,900 एमएल मैलाथियान का छिड़काव करवाया गया। शिविर में आये मरीजों को स्वास्थ्य दल द्वारा जलजनित बिमारियों एवं लू से बचाव हेतु निरंतर स्वास्थ्य शिक्षा दी जा रही है।

आयुक्त के0एल0 चौहान द्वारा जलजनित बिमारियों पीलिया, उल्टी, दस्त, टाईफाईड, डायरिया इत्यादि से बचाव हेतु आम नागरिकों से अपील की गई है कि स्वयं जागरुक हों एवं संक्रमित भोजन एवं दुषित जल का उपयोग न करें। पानी उबालकर पीयें, शौच के बाद साबुन से हाथ जरुर धोएं, सड़े गले एवं बासी खाद्य पदार्थों के सेवन से बचे। भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान को देखते हुए लू से बचाव हेतु अपील की गई कि घर से निकलने के पहले सिर एवं कान को कपड़े से ढ़ककर निकलें, पीने के पानी का सेवन अधिक मात्रा में करें, जलीय पेय पदार्थ फल का रस, लस्सी, मठा, नींबू पानी, जलजीरा बगैरह का सेवन निरंतर करते रहें ताकि शरीर में पानी की कमी से बचा जा सके। लू से प्रभावित होकर जैसे– सिर दर्द, तेज बुखार, होने की दशा में घरेलू उपचार न करते हुए अविलम्ब चिकित्सकीय परामर्श लें, अथवा नजदीकी स्वास्थ केन्द्र में उपचार करावें।

जन सम्पर्क विभाग